# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0-272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्र सं0– 1587/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026

दिनांक 12/01/2026

सेवा मे ,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– मा0 उच्च न्यायालय में योजित सु–मोटो रिट पिटीशन (सिविल) नं0–5/2025 "सिटी हाउण्ड बाई स्ट्रे, किड्स पे प्राइज" बनाम अन्य में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनॉक–22.05.2025 एवं दिनॉक–07.11.2025 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग प्रयागराज के पत्र दिनॉक–12.01.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें उल्लेख है कि **महाविद्यालय में चहारदीवारी, बाड़ या दरवाजा निर्मित है, "सिटी हाउण्ड बाई स्ट्रे, किड्स पे प्राइज" हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जा चुके है, संस्था के प्रवेश द्वार पर नोडल अधिकारी का सम्पर्क नम्बर एवं विवरण प्रदर्शित किया जा चुका है एवं संस्थानों से आवारा कुत्तों को हटा दिया गया है और उनके प्रवेश को पूर्णतः वर्जित किये जाने की व्यवस्था की जा चुकी है,** इस आशय का महाविद्यालय से सूचना प्राप्त किया जाना है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में सूचना/विवरण ईमेल आई0डी0–sukaffiliation@gmail.com पर दो दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिसे शासन को तत्काल प्रेषित किया जा सके।

कृपया उक्त से अवगत होने का कष्ट करें।

संलग्नकः– शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग प्रयागराज के पत्र की छायाप्रति।

भवदीय
12/01/26
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक।
2. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालय के कालेज लागिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।